# Code of Conduct

## Bertelsmann आचार संहिता

www.integrity.bertelsmann.com

BERTELSMANN

# विषय


1.0 प्रस्तावना 4

2.0 सिद्धांत 8
2.1 बुनियादी आवश्यकताएं 10
2.1.1 कानून का अनुपालन 11
2.1.2 आवाज़ उठने की आज़ादी 12
2.1.3 एक-दूसरे के लिए सम्मान और विश्वास की भावना 13
2.1.4 हितों का टकराव 14
2.1.5 कंपनी एसेट का संरक्षण 15

2.2 कॉर्पोरेट के तौर पर ज़िम्मेदारी 16
2.2.1 मानवाधिकार 17
2.2.2 काम करने के लिए उचित और स्वस्थ माहौल 18
2.2.3 पर्यावरण और जलवायु संरक्षण 19

2.3 व्यापारिक भागीदार और तृतीय पक्ष 20
2.3.1 व्यापारिक भागीदारों के साथ व्यवहार 21
2.3.2 भ्रष्टाचार रोकना और रिश्वतखोरी पर लगाम लगाना 23
2.3.3 निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा 24
2.3.4 सरकारी और नियामक संबंध 25
2.3.5 उत्पाद सुरक्षा 26

2.4 कंटेंट, सूचना और वित्त 28
2.4.1 स्वतंत्र रिपोर्टिंग और कंटेंट की ज़िम्मेदारी 29
2.4.2 बौद्धिक संपदा की सुरक्षा 30
2.4.3 डेटा की गोपनीयता और सुरक्षा 31
2.4.4 वित्तीय सत्यनिष्ठा 33
2.4.5 इनसाइडर ट्रेडिंग 34
2.4.6 उत्पादों और सेवाओं के संबंध में बयान 35
2.4.7 सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग और सुरक्षा 36
2.4.8 गोपनीयता और संचार 37





3.0 निर्णय लेने के लिए मार्गदर्शिका 38

4.0 मुद्दों को उठाना और उल्लंघनों के बारे में सूचित करना 42
4.1 आपके स्थानीय कार्यक्षेत्र में मौजूद संपर्क व्यक्ति 46
4.2 Bertelsmann कॉर्पोरेट सेंटर में मौजूद संपर्क व्यक्ति 47
4.3 स्पीकअप सिस्टम (आवाज़ उठाने की प्रणाली) 48
4.4 लोकपाल (Ombudsperson) 49
4.5 अनुपालन के महत्वपूर्ण उल्लंघनों की सूचना देने की बाध्यता 50

5.0 अतिरिक्त जानकारी 52

प्रिय साथियों,

उद्यमशीलता की ज़िम्मेदारी और सत्यनिष्ठा, Bertelsmann की कॉर्पोरेट संस्कृति के ज़रूरी तत्व हैं। हमारा उद्देश्य है कि हम सभी आंतरिक और बाहरी नियमों और विनियमों के अनुपालन के साथ व्यावसायिक रूप से सफल हों।

हमारे, यानी कार्यकारी बोर्ड के लिए, अनुपालन हमारी प्राथमिकता है। और इसके लिए हमें आपका सहयोग चाहिए। हम मिलकर काम करेंगे तो ही बड़े पैमाने पर अनुपालन सुनिश्चित कर सकेंगे। Bertelsmann कार्यकारी बोर्ड के सदस्य होने के नाते, हम रोल मॉडल के रूप में अपने कार्यों से अवगत हैं।

हमारे कर्मचारी और हमारे बिज़नस पार्टनर एक-दूसरे के लिए सम्मान और विश्वास की भावना रखते हैं। हम कानून के उल्लंघन को बर्दाश्त नहीं करते हैं और हमारे यहाँ उत्पीड़न या भेदभाव करना प्रतिबंधित है।

यह Bertelsmann Code of Conduct हमारी व्यावसायिक गतिविधियों के लिए मानकों की रूपरेखा तैयार करती है। साथ ही, कठिन निर्णय लेने के लिए एक गाइड की तरह काम करती है और उन व्यक्तियों से संपर्क करने के बारे में जानकारी देती है जिनसे आप अपने मुद्दे साझा कर सकते हैं और सवालों के जवाब पा सकते हैं। Bertelsmann में हम सभी - पर्यवेक्षी बोर्ड, कार्यकारी बोर्ड, सभी स्तरों के कर्मचारी - इस संहिता में परिभाषित सिद्धांतों का पालन करने के लिए बाध्य हैं।

Bertelsmann में, हम उद्यमशीलता की स्वतंत्रता को बहुत महत्व देते हैं। साथ ही, हम भरोसा करते हैं कि हमारे कर्मचारी इस स्वतंत्रता का ज़िम्मेदारी से उपयोग करेंगे। हम ज़रूरी मुद्दों पर चर्चा करने का खुल कर स्वागत करते हैं। यह सभी मैनेजरों की ज़िम्मेदारी है कि वे कंपनी के तौर-तरीकों, काम के माहौल, अपने स्वयं के आचरण या अन्य कर्मचारियों के आचरण के बारे में खुल कर चर्चा करें।

अगर आपको कोई समस्या है या किसी समस्या का अनुभव होने पर, स्थानीय रूप से या वैकल्पिक चैनलों के माध्यम से कोई न कोई आपकी मदद करने के लिए हमेशा मौजूद होगा, जैसा कि इस Code of Conduct में बताया गया है।

Bertelsmann में, अपने व्यक्तिगत आचरण के माध्यम से , उचित अनुपालन संस्कृति में योगदान देने के लिए हम आपके आभारी हैं।

कार्यकारी बोर्ड

# 1.0 प्रस्तावना





थॉमस राबे
Bertelsmann के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी और आरटीएल ग्रुप के मुख्य कार्यकारी अधिकारी






कार्स्टन कोसफेल्ड
Bertelsmann के कार्यकारी बोर्ड के सदस्य, Bertelsmann Investments और Financial Solutions





रॉल्फ हेलरमैन
Bertelsmann के मुख्य वित्तीय अधिकारी





इमैनुएल हर्मरेक
Bertelsmann के मुख्य मानव संसाधन अधिकारी


RTL


Penguin
Random
House


BMG


arvato
group


Bertelsmann
Marketing
Services


Bertelsmann
Education Group


BI Bertelsmann
Investments


BERTELSMANN

# 2.0
# सिद्धांत



# 2.1

# बुनियादी आवश्यकताएं

## 2.1.1

## कानून का अनुपालन

- सभी लागू कानूनों और विनियमों का अनुपालन हमारे लिए बहुत ज़रूरी है और दुनिया भर में हमारी कंपनियों की सफलता के लिए बहुत महत्व रखता है। कानून या विनियमों का कोई भी उल्लंघन होने पर, कंपनी और उसके कर्मचारी दोनों के लिए गंभीर परिणाम हो सकते हैं, जैसे कि अपराधों के लिए सज़ा, अनुशासनात्मक कार्यवाही, जुर्माना और प्रतिष्ठा की क्षति।
- हम अभद्र व्यवहार की सभी रिपोर्टों की जांच करते हैं। उल्लंघनों को रोका जाता है और उचित उपाय किए जाते हैं।
- ख़ास तौर से प्रबंधकों (बजट या कंपनी में काम करने वाले लोगों की ज़िम्मेदारी वाले कर्मचारी) को उनकी ज़िम्मेदारी से जुड़े मौलिक कानूनों, विनियमों और कॉर्पोरेट नीतियों की जानकारी होनी चाहिए।
- विशिष्ट देशों, उद्योगों या बाज़ारों में, साथ ही विशिष्ट व्यावसायिक भागीदारों के लिए, इस Code of Conduct में बताए गए नियमों से ज़्यादा कठोर नियम मौजूद हो सकते हैं। ऐसे मामलों में, कर्मचारियों को सख्त मानक लागू करने होंगे।
- अगर किसी निर्णय के कानूनी रूप से सही न होने को लेकर आपको कोई संदेह हो, तो संबंधित कानूनी विभाग या धारा 4 में सूचीबद्ध किसी अन्य उपयुक्त व्यक्ति ("मुद्दे उठाना और उल्लंघन की रिपोर्ट करना") से सहायता और स्पष्टीकरण के लिए परामर्श किया जाएगा।

हम जिस भी जगह व्यापार करते हैं, वहां पर लागू सभी स्थानीय, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय कानूनों और विनियमों का अनुपालन करते हैं।

2.1.2

## आवाज़ उठने की आज़ादी

- खुलकर बोलने देने से अभद्र व्यवहार को रोकने में मदद मिलती है, और अगर कोई अभद्र व्यवहार करता है तो इसका पता लगाने और इसे ठीक करने में मदद मिलती है। हम आलोचनात्मक और कल्पनाशील सोच को प्रोत्साहित करते हैं और लोगों को खुलकर काम करने देने का ऐसा माहौल बनाना चाहते हैं जहां कर्मचारी बिना किसी चिंता के अपने मुद्दे उठाने या कुछ गलत होने पर बात करने के लिए अपने पर्यवेक्षकों या वरिष्ठ प्रबंधन से संपर्क कर सकें। प्रबंधक खुले संवाद को प्रोत्साहित करते हैं, अपने कर्मचारियों का समर्थन करते हैं और उनके मुद्दों को सही और निष्पक्ष तरीके से संबोधित करते हैं।

हम अपने कर्मचारियों को प्रतिशोध के डर के बिना आज़ादी से बोलने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। कंपनी में होने वाले अभद्र व्यवहार के बारे में ईमानदारी से मुद्दों को उठाने वाले व्यक्तियों के खिलाफ प्रतिशोध निषिद्ध है।

- ईमानदारी से किसी संदिग्ध या वास्तविक अभद्र व्यवहार की रिपोर्ट करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ धमकी या प्रतिशोध की गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। “ईमानदारी से” का अर्थ है कि कोई व्यक्ति मानता है कि वह जो दावा करता है वह सच है, भले ही बाद की जांच में वह दावा सच साबित हो या न हो।
- जानबूझकर और किसी अन्य व्यक्ति पर झूठा आरोप लगाने के उद्देश्य से अभद्र व्यवहार की झूठी रिपोर्ट करना , अनुपालन का उल्लंघन है और ऐसे मामलों में उचित कार्यवाही की जाएगी।
- अगर कर्मचारी अपने स्थानीय कार्य वातावरण में किसी संपर्क व्यक्ति के साथ चिंता व्यक्त करने में असहज महसूस करते हैं या ऐसा करने से कोई फ़ायदा न हो रहा हो, तो उन्हें धारा 4 में सूचीबद्ध व्यक्तियों में से किसी से भी संपर्क करने के लिए प्रोत्साहन दिया जाता है (“मुद्दे उठाना और उल्लंघन की रिपोर्ट करना”)।

2.1.3

## एक-दूसरे के लिए सम्मान और विश्वास की भावना

- प्रत्येक व्यक्ति के साथ उचित, आदरपूर्ण और सम्मानजनक व्यवहार किया जाएगा। हम विविधता, समावेश और समान अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और एक ऐसा कार्यस्थल उपलब्ध कराने के लिए काम करते हैं जहां एक दूसरे के लिए सम्मान का भाव रहे और लोग आपस में मिलकर रहें। साथ ही, जहां हर किसी की खूबियों को सराहा जाता हो। यौन उत्पीड़न, भेदभाव, जातिवाद, परेशांन करना या घेराव करना, शक्ति का दुरुपयोग, धमकाना,डराना या किसी अन्य प्रकार का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाता है।

हम एक-दूसरे के लिए सम्मान और विश्वास की भावना के साथ व्यवहार करते हैं और उत्पीड़न या भेदभाव को बर्दाश्त नहीं करते हैं।

- हम नस्ल, राष्ट्रीय या जातीय मूल, लिंग, लिंग पहचान या लिंग अभिव्यक्ति, यौन प्राथमिकताओं, गर्भावस्था, वैवाहिक या माता-पिता होने की स्थिति, उम्र, विकलांगता, धर्म या आस्था या भेदभाव विरोधी कानून या कंपनी की नीति के तहत निर्दिष्ट किसी अन्य विशेषता के आधार पर भेदभाव की अनुमति नहीं देते हैं।



अवलोकन पर
वापस जाएं
→

2.1.4

## हितों का टकराव

हम संभावित या वास्तविक हितों के टकराव का खुलासा करते हैं और जल्द से जल्द उनका समाधान करते हैं।

ज़्यादा जानकारी के लिए, Bertelsmann दिशानिर्देशों में **Anti-Corruption and Integrity** देखें।

- हमारी रोज़मर्रा की ज़िंदगी में हमें ऐसी परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है जिसमें कंपनी के फ़ायदे के लिए लिया जाने वाला व्यावसायिक निर्णय हमारे व्यक्तिगत हितों के साथ टकराव की स्थिति उत्पन्न करता है।
- हितों का टकराव कंपनी के फ़ायदे के लिए निष्पक्ष निर्णय लेना मुश्किल बना सकता है।
- संभावित या वास्तविक हितों के टकराव वाले कर्मचारियों को तत्काल समाधान के लिए अपने पर्यवेक्षक या कंपनी के वरिष्ठ प्रबंधन को इस बारे में साफ़-साफ़ बता देना चाहिए।



2.1.5

## कंपनी एसेट का संरक्षण

- हम कंपनी के सभी प्रकार के एसेट, जैसे उत्पाद, कार्य सामग्री, आईटी उपकरण या बौद्धिक संपदा के साथ सावधानी और ज़िम्मेदारी से पेश आते हैं।
- कंपनी एसेट का उपयोग व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए किया जाता है, न कि अनुचित या गलत व्यक्तिगत उद्देश्यों के लिए।
- किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी, चोरी, गबन या कर चोरी निषिद्ध है, चाहे वह कंपनी एसेट हो या तीसरे पक्ष की कोई संपत्ति हो।

हम कंपनी प्रॉपर्टी और दूसरी कंपनी एसेट के साथ जिम्मेदारी से पेश आते हैं।

ज़्यादा जानकारी के लिए, Bertelsmann दिशानिर्देशों में **Anti-Corruption and Integrity** देखें।

# 2.2

# कॉर्पोरेट के तौर पर ज़िम्मेदारी

2.2.1

## मानवाधिकार

- हम कर्मचारियों और सभी तृतीय पक्षों के मानवाधिकारों, व्यक्तिगत अधिकारों और गरिमा का सम्मान करते हैं।
- हम मेलजोल की आज़ादी के अधिकार और लागू कानूनों और विनियमों के अनुसार सामूहिक सौदेबाजी में शामिल होने के अधिकार का समर्थन करते हैं।
- जबरन मज़दूरी कराना या बाल श्रम, सभी प्रकार की आधुनिक दासताएं और मानव तस्करी और किसी भी प्रकार का शोषण Bertelsmann में प्रतिबंधित है और हम लागू कानूनों का कड़ाई से पालन करते हैं।

हम मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा और संयुक्त राष्ट्र के वैश्विक समझौते के सिद्धांतों को अपनाकर काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम अपने सप्लायर्स और व्यावसायिक भागीदारों से भी यही अपेक्षा करते हैं कि वे भी इन मूल्यों को साझा करें और इन्हें अपनाकर काम करने के लिए प्रतिबद्ध रहें।

अवलोकन पर
वापस जाएं
→

## 2.2.2

# काम करने के लिए उचित और स्वस्थ माहौल

- हम उन विनियमों का भी पालन करते हैं जो मुआवज़े, कामकाजी घंटों और गोपनीयता को विनियमित करने वाले नियमों सहित यह सुनिश्चित करते हैं कि काम करने के लिए उचित माहौल बने।

- हमारी मुआवज़ा प्रणालियाँ सुसंगत और पारदर्शी हैं। इनसे यह सुनिश्चित किया जाता है कि वेतन, बाज़ार, कार्य और प्रदर्शन के हिसाब से हो। साथ ही, वेतन तय करने के लिए व्यवसाय के लिए विशिष्ट स्थितियों पर भी विचार किया जाता है।

- हम सभी लागू स्वास्थ्य और सुरक्षा कानूनों और मानकों का पालन करते हैं और अपने कर्मचारियों के लिए एक स्वस्थ और सुरक्षित काम का माहौल प्रदान करते हैं।

काम करने के लिए उचित परिस्थितियां और एक सुरक्षित और स्वस्थ काम का माहौल देना हमारी कॉर्पोरेट संस्कृति का एक अभिन्न अंग है।

## 2.2.3

# पर्यावरण और जलवायु संरक्षण

- हम जलवायु संरक्षण और कागज खरीदकर इस्तेमाल करने जैसे मामलों में सभी लागू पर्यावरण नियमों और हमारे आंतरिक पर्या-वरण दिशानिर्देशों का पालन करते हैं।

- हमारी कोशिश है कि हम 2030 तक अपने उत्पादों और सेवाओं के उत्पादन और वितरण के लिए अपने संसाधन और ऊर्जा दक्षता को बढ़ा सकें, पर्यावरण पर नकारात्मक प्रभावों को कम कर पाएं और जलवायु तटस्थता हासिल कर सकें।

- हम ऊर्जा और पानी जैसे संसाधनों को खरीदते और उपयोग करते समय अपनी ज़िम्मेदारी समझते हैं।

पर्यावरण और जलवायु की रक्षा करना हमारी कॉर्पोरेट के तौर पर ज़िम्मेदारी का एक अनिवार्य हिस्सा है।



# 2.3

# व्यापारिक भागीदार और तृतीय पक्ष

2.3.1

## व्यापारिक भागीदारों के साथ व्यवहार

- हमारे व्यापार भागीदार (जैसे ग्राहक, क्लाइंट, सप्लायर, एजेंट और सलाहकार) उम्मीद करते हैं कि वे कानून का अनुपालन करने वाले व्यावसायिक भागीदार के रूप में **Bertelsmann** पर भरोसा कर सकते हैं। इसके लिए यह भी ज़रूरी है कि अपने व्यापार भागीदारों के प्रति हमारे संविदात्मक दायित्वों के बारे में, हमें अच्छी तरह से जानकारी हो।

- हम संभावित व्यावसायिक भागीदारों की पहचान और सत्यनिष्ठा की सावधानीपूर्वक जांच (भागीदार बनाने से पहले जांच-पड़ताल) करते हैं। अगर इस प्रक्रिया में, या बाद में मिलकर काम करने के दौरान, हम पाते हैं कि व्यापार भागीदार अनुचित या अवैध व्यापार प्रथाओं में संलग्न है, तो हम तुरंत **Integrity** & **Compliance** विभाग से परामर्श करते हैं।

- हम गुणवत्ता, दाम, सेवा, विश्वसनीयता, उपलब्धता, तकनीकी प्रदर्शन, अनुबंध की पूर्ति, संसाधन और ऊर्जा दक्षता और पर्या-वरणीय प्रभाव जैसे मूल्यांकन मानदंडों के आधार पर उचित और निष्पक्ष खरीद का निर्णय लेते हैं।

- हम सभी ज़रूरी उपाय करते हैं जिनसे पक्का किया जा सके कि तीसरे पक्ष के साथ किए जाने वाले लेनदेन, वर्तमान आर्थिक प्रतिबंधों, प्रतिबंध सूचियों, या व्यापार के नियमों, आयात या निर्यात नियंत्रणों, या आतंकवाद की फंडिंग की रोकथाम के लिए तय नियमों का उल्लंघन नहीं करते हों।

- हम काले धन को वैध बनाने की रोकथाम के संबंध में अपने दायित्वों का पालन करते हैं और तृतीय पक्षों की पहले से जांच-पड़ताल करके सावधानी बरतते हुए काले धन को वैध बनाने के सामान्य रूप से होने वाले जोखिम को कम करते हैं।

हम दूसरों के साथ अपने व्यवहार में सत्यनिष्ठा बरतते हैं और यही उम्मीद रखते हैं कि हमारे व्यापार भागीदार भी कानून का पालन करें।

ज़्यादा जानकारी के लिए, Bertelsmann दिशानिर्देशों में **BeTrade Compliance** देखें।



## 2.3.2

# भ्रष्टाचार रोकना और रिश्वतखोरी पर लगाम लगाना

- हम किसी भी रूप में रिश्वत के लेन-देन को बर्दाश्त नहीं करते हैं, चाहे यह लेन-देन सरकारी अधिकारियों या व्यावसायिक भागीदारियों में ही क्यों न हो।

- कुछ नियमों के तहत उपहार और आतिथ्य की अनुमति है, बशर्ते कि वे या तो प्रचार की चीज़ों से जुड़े हों या व्यावसायिक संबंधों को बढ़ावा देने या उत्पादों या सेवाओं को प्रस्तुत करने के उद्देश्य से हों।

- ऐसे लाभ केवल तभी दिए या स्वीकार किए जा सकते हैं जब वे किसी वैध व्यावसायिक उद्देश्य की पूर्ति करते हों और किसी गैर-कानूनी या अनुचित लाभ के बदले मुआवज़े के लिए न हों। लाभ की कीमत अनुचित रूप से बहुत ज़्यादा नहीं होनी चाहिए और यह प्रथागत व्यावसायिक अभ्यास या प्राप्तकर्ता के सामान्य जीवन स्तर की सीमा से अधिक नहीं होनी चाहिए उपहार या मनोरंजन का लेन-देन करते समय, कंपनी के नियमों, विशेष रूप से आवश्यक अनुमतियों का पालन किया जाना चाहिए।

- आम तौर पर दान और प्रायोजन गतिविधियों को अनुमति दी जाती है लेकिन इनका उपयोग गैरकानूनी व्यावसायिक लाभ प्राप्त करने के लिए नहीं किया जाना चाहिए। हम भ्रष्टाचार के संभावित जोखिम वाले किसी भी लाभ को छिपाते नहीं हैं।

**हम सभी प्रकार के भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी की निंदा करते हैं।**

ज़्यादा जानकारी के लिए, Anticorruption & Integrity और Donations, Sponsoring & Memberships पर बर्टेल्समैन के दिशानिर्देश देखें।

## 2.3.3
## निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा

**हम निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा के सिद्धांत के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम विश्वास विरोधी और प्रतिस्पर्धा के लागू कानूनों का पालन करते हैं और विश्वास विरोधी और प्रतिस्पर्धा के मुद्दों पर Bertelsmann के कानूनी विभाग से परामर्श करते हैं।**

ज़्यादा जानकारी के लिए, Bertelsmann दिशानिर्देशों में विश्वास विरोधी कानून का अनुपालन (Antitrust Law Compliance) देखें।

- लगभग सभी देशों में कानून प्रतिस्पर्धियों, आपूर्तिकर्ताओं, वितरकों या डीलरों के साथ ऐसे संबंधों या व्यवस्थाओं को प्रतिबंधित करते हैं जो बाज़ार में प्रतिस्पर्धा में हस्त-क्षेप कर सकते हैं। ये कानून कई सारी गतिविधियों पर लागू होते हैं, जिसमें मूल्य निर्धारण, प्रतिस्पर्धियों के बीच ग्राहकों या बिक्री क्षेत्र का आवंटन, प्रतिस्पर्धा-विरोधी बहिष्कार और प्रतिस्पर्धा के अन्य अनुचित तरीके शामिल हैं।
- हम किसी भी उल्लंघन को रोकने में देर नहीं लगाते।

## 2.3.4
## सरकारी और नियामक संबंध

- अक्सर, सरकारी निकायों के साथ व्यावसायिक संबंध सख्त आवश्यकताओं के अधीन होते हैं। हम सरकार और नियामक प्राधिकरणों और अधिकारियों के साथ अपने सभी व्यवहारों में, ईमानदारी से और पारदर्शी रूप से आचरण करते हैं और लागू कानूनों और हमारे आंतरिक नियमों का पालन करते हैं। सरकारी संस्थाओं के साथ, उदाहरण के लिए, व्यवसाय के सामान्य क्रम में (आवश्यक लाइसेंस या अनुमोदन प्राप्त करना या अनुबंध करना), राजनीतिक लॉबिंग में शामिल होने के दौरान, या सरकारी या नियामक अनुरोधों या पूछताछ (समन, जांच और कानूनी कार्यवाही सहित) का जवाब देते समय व्यवहार करना पड़ सकता है।
- हम सरकारी अधिकारियों को उपहार की पेशकश नहीं करते हैं। हम सार्वजनिक अधिकारियों को सिर्फ कम कीमत वाले आतिथ्य का निमंत्रण देते हैं और इसके लिए पहले से ज़रूरी मार्गदर्शन और अनुमति प्राप्त करते हैं।
- किसी भी प्रकार की सरकारी पूछताछ की स्थिति में, कंपनी के वरिष्ठ प्रबंधन और संबंधित कानूनी विभाग से तुरंत संपर्क किया जाना चाहिए।
- अगर किसी आधिकारिक लाइसेंस की आवश्यकता है (या तो इकाई के लिए या किसी कर्मचारी के लिए) तो हम संबंधित व्यावसायिक क्षेत्र में तब तक कोई व्यावसायिक गतिविधि नहीं करते हैं जब तक कि हमें यह लाइसेंस प्राप्त नहीं हो जाता। अगर कोई लाइसेंस रद्द कर दिया जाता है या समाप्त हो जाता है (लागू ग्रेस पीरियड सहित, यदि कोई हो), तो हम व्यावसायिक गतिविधि को तब तक रोक देंगे जब तक कि इसे फिर से जारी नहीं किया जाता।

**हम सभी सरकारी और नियामक प्राधिकरणों के साथ उचित और कानूनी रूप से साफ़-सुथरे संबंध बनाए रखते हैं।**

ज़्यादा जानकारी के लिए, Bertelsmann दिशानिर्देशों में भ्रष्टाचार की रोकथाम और सत्यनिष्ठा (Anticorruption & Integrity) देखें।

अवलोकन पर
वापस जाएं
→

2.3.5

## उत्पाद सुरक्षा

**हम अपने ग्राहकों के लिए सुरक्षित उत्पाद विकसित और निर्माण करते हैं।**

- हम अपने ग्राहकों को सुरक्षित और उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं।
- हमारे उत्पादों में दोष या असुरक्षा उत्पन्न करने वाले ऐसे लक्षण नहीं होने चाहिए जो स्वास्थ्य या संपत्ति पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकते हैं।



# 2.4 कंटेंट, सूचना और वित्त

## 2.4.1
## स्वतंत्र रिपोर्टिंग और कंटेंट की ज़िम्मेदारी

- डिजिटल मीडिया, रेडियो और टेलीविजन में हमारे प्रकाशन, रिपोर्टिंग और प्रसारण गतिविधियों की नींव - संपादकीय और पत्रकारिता की स्वतंत्रता है।
- हम जानते हैं कि एक मीडिया कंपनी के रूप में हम जनमत को प्रभावित कर सकते हैं और हम उस ज़िम्मेदारी को निभाने में पूरी सावधानी बरतते हैं। हम अपनी रिपोर्टिंग में सच्चाई और उच्चतम स्तर की पारदर्शिता के लिए प्रतिबद्ध हैं।
- हम रिपोर्टर के विशेषाधिकार का हवाला देकर, किसी भी समय अपने स्रोतों की सुरक्षा के लिए गवाही देने या जानकारी प्रदान करने से इनकार कर सकते हैं, बशर्ते कि स्थानीय कानून के तहत ऐसा विशेषाधिकार मौजूद हो।
- हम पत्रकारिता वाली समाचार रिपोर्टिंग पर कंपनी की ओर से कोई प्रभाव नहीं डालते और किसी बाहरी राजनीतिक या आर्थिक प्रभाव के आगे नहीं झुकते।
- हम बाहरी दलों द्वारा दिए गए लाभों से, जैसे प्रेस के सदस्यों के लिए छूट, हमारे पत्रकारिता कार्य को प्रभावित नहीं होने देते।
- हम संपादकीय विषय और व्यावसायिक विज्ञापन को अलग रखने के संबंध में मौजूदा नियमों का पालन करते हैं।
- खास तौर पर वरिष्ठ प्रबंधन, संपादकीय निर्णय लेने में हस्तक्षेप नहीं करता और न ही हमारे संपादकीय कर्मचारियों की स्वतंत्रता को प्रतिबंधित करता है।
- संपादकीय पत्रकारिता से जुड़े कर्मचारी, गोपनीयता का सम्मान करने और सूचना, राय और तस्वीरों के मामले में सटीकता और ज़िम्मेदारी से पेश आने के लिए प्रतिबद्ध है।
- हम अपने विषय के उत्पादन और वितरण में बच्चों और युवाओं की सुरक्षा को बहुत महत्व देते हैं और हम प्रासंगिक प्रतिबंधों का पालन करते हैं।
- काल्पनिक कंटेंट और मनोरंजन के उद्देश्य से बनाए कंटेंट भी जनमत को प्रभावित कर सकते हैं। हम इस ज़िम्मेदारी को समझते हैं और इसे सावधानी से निभाते हैं।

हम संपादकीय और पत्रकारिता की स्वतंत्रता का पालन करते हैं और हमारे द्वारा उत्पादित और वितरित विषय के संबंध में हम अपनी ज़िम्मेदारी समझते हैं।

## 2.4.2
## बौद्धिक संपदा की सुरक्षा

- एक मीडिया कंपनी के रूप में, हमारे व्यवसाय के लिए बौद्धिक संपदा की सुरक्षा का विशेष महत्व है।

- संरक्षित बौद्धिक संपदा में मानव मस्तिष्क के सभी उत्पाद शामिल हैं, चाहे उनका व्यावसायिक मूल्य कुछ भी हो। इसमें, साहित्यिक और पत्रकारिता कार्य, संगीत, फिल्म, टीवी कार्यक्रम, दृश्य से जुड़े कार्य और सॉफ्टवेयर और इसके घटक शामिल हैं, लेकिन यह इन्हीं तक सीमित नहीं है। बौद्धिक संपदा को प्रासंगिक कानूनों (कॉपीराइट, ट्रेडमार्क, या पेटेंट अधिकार) के तहत या एक ट्रेड सीक्रेट के रूप में संरक्षित रखा जाता है।

- बौद्धिक संपदा उल्लंघन में, बिना अनुमति के कॉपीराइट विषय का, वितरण या प्रदर्शन और अनधिकृत रूप से संरक्षित बौद्धिक संपदा की प्रतियों का निर्माण और वितरण शामिल है, लेकिन यह इन्हीं तक सीमित नहीं है।

**हम सभी प्रकार की बौद्धिक संपदा और संरक्षित विषयो का सम्मान और सुरक्षा करते हैं।**

## 2.4.3
## डेटा की गोपनीयता और सुरक्षा

- जब हम कर्मचारियों, ग्राहकों या अन्य तृतीय पक्षों से संबंधित व्यक्तिगत जानकारी (जैसे नाम, पता, फोन नंबर, जन्म तिथि, स्वास्थ्य जानकारी) इकट्ठा करते, बनाए रखते, संसाधित या संचारित करते हैं, तो हम ऐसा बहुत सावधानी और सख्त गोपनीयता के साथ करते हैं। इसके अतिरिक्त, ऐसा करते समय हम लागू कानून और नीति का अनुपालन भी करते हैं।

- व्यक्तिगत जानकारी को इकट्ठा करने, बनाए रखने, संसाधित या संचारित करने में शामिल कर्मचारियों को संबंधित कानूनी विभागों और डेटा सुरक्षा अधिकारियों से सलाह और सहयोग मिलता है।

**हम लागू कानून और नीति के अनुपालन के तहत व्यक्तिगत जानकारी इकट्ठा करते हैं, बनाए रखते हैं, संसाधित करते हैं और प्रसारित करते हैं।**

ज़्यादा जानकारी के लिए, Bertelsmann Data Protection Guideline देखें।





## 2.4.4
# वित्तीय सत्यनिष्ठा

- हमारे व्यवसाय से संबंधित सभी लेन-देन और रिकॉर्ड सटीक और सही तरह से बनाए रखे जाने चाहिए। **Bertelsmann SE & Co. KGaA** के वित्तीय रिपोर्टिंग दिशा-निर्देशों और कानूनी आवश्यकताओं के अनुसार, सभी लेन-देन, संपत्ति और देनदारियों को ठीक से प्रलेखित और रिकॉर्ड किया जाना चाहिए।
- उचित रिकॉर्ड कीपिंग के लिए सभी व्यावसायिक व्यवहारों में सटीकता, पूर्णता और जवाबदेही के उच्च मानकों की आवश्यकता होती है।
- वित्तीय खातों, दस्तावेज़ों, अनुबंधों और कंपनी की अन्य जानकारी में जानबूझकर गलत या भ्रामक प्रविष्टियां शामिल नहीं की जा सकती हैं।
- हम कर विनियमों का अनुपालन करते हैं और अपने कर दायित्वों को पूरा करते हैं। कोई भी सवाल होने पर, हम **Bertelsmann** कर विभाग से परामर्श करते हैं।

हम अपने व्यवसाय का संचालन, रिकॉर्डकीपिंग और वित्तीय रिपोर्टिंग को ठीक तरह से और पारदर्शिता के साथ प्रबंधित करते हैं।

ज़्यादा जानकारी के लिए, Bertelsmann ग्रुप कर दिशा-निर्देश (Bertelsmann Group Tax Guidelines) देखें।

## 2.4.5

## इनसाइडर ट्रेडिंग

- यह कानून, सिक्योरिटीज़ या अन्य लेन-देन किए जा सकने वाले वित्तीय साधनों में व्यापार करते समय, अंदरूनी जानकारी के उपयोग के साथ-साथ ऐसे उद्देश्यों के लिए दूसरों को अंदरूनी जानकारी के प्रकटीकरण को प्रतिबंधित करता है।

हम अपने या अन्य व्यवसायों के बारे में अंदरूनी जानकारी के संबंध में लागू इनसाइडर ट्रेडिंग कानूनों और कंपनी की नीति का अनुपालन करते हैं।

ज़्यादा जानकारी के लिए, Bertelsmann दिशानिर्देशों में कैपिटल मार्किट का अनुपालन (Capital Market Compliance) देखें।

- अंदरूनी जानकारी किसी भी ऐसी परिस्थिति के बारे में जानकारी है जो सार्वजनिक रूप से उपलब्ध नहीं है, लेकिन सार्वजनिक होने पर यह जानकारी किसी भी सिक्यूरिटी या इसी तरह के वित्तीय साधन की कीमत या बाज़ार को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित कर सकती है। ऐसी परिस्थितियों के उदाहरणों में लाभ में वृद्धि या गिरावट, प्रमुख अनुबंध, कंपनी के साथ विलय या अधिग्रहण की योजना, महत्वपूर्ण नए उत्पाद या कंपनी के नेतृत्व में महत्वपूर्ण परिवर्तन शामिल हैं।
- इनसाइडर ट्रेडिंग पर विनियमों का दायरा हर देश के लिए भिन्न हो सकता है। ऐसी स्थिति का सामना करने वाले कर्मचारियों को संबंधित कानूनी विभाग की सलाह और सहायता लेनी चाहिए।

## 2.4.6

## उत्पादों और सेवाओं के संबंध में बयान

- हम हमेशा अपने उत्पादों और सेवाओं के बारे में सही बयान देते हैं।
- उत्पादों या सेवाओं के बारे में भ्रामक या गलत जानकारी हमारे ग्राहकों के साथ-साथ हमारी प्रतिष्ठा को भी नुकसान पहुंचा सकती है। यह हमारे सिद्धांतों का उल्लंघन है और निषिद्ध है

अपने उत्पादों और सेवाओं की मार्केटिंग और विज्ञापन करते समय, हम जानबूझकर भ्रामक या गलत बयान नहीं देते हैं।



अवलोकन पर
वापस जाएं
→

## 2.4.7
# सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग और सुरक्षा

- अपने दैनिक कारोबार में, हम सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हैं और डेटा को नियमित रूप से संसाधित करते हैं। इसके लिए, सुरक्षा के उपयुक्त तरीकों (पासवर्ड सुरक्षा, अनुमति प्राप्त तकनीक और लाइसेंस प्राप्त सॉफ़्टवेयर) की आवश्यकता होती है ताकि बौद्धिक संपदा और व्यक्तिगत डेटा को सुरक्षित रखा जा सके। सुरक्षा के उपयुक्त तरीकों की अनदेखी करने से गंभीर परिणाम हो सकते हैं, जैसे डेटा हानि, व्यक्तिगत डेटा की चोरी या कॉपीराइट उल्लंघन।
- चूंकि डिजिटल जानकारी तेजी से वितरित की जा सकती है, और आसानी से दोहराई जा सकती है और व्यावहारिक रूप से अविनाशी है, हम किसी भी ई-मेल, रिकॉर्ड किए गए वॉयस-मेल, अटैचमेंट या डाउनलोड की गई जानकारी मे उपलब्ध विषयो के आदान-प्रदान में सावधानी बरतते हैं।
- हम कंपनी द्वारा दिए गए आईटी सिस्टम का उपयोग वैध व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, न कि बेवजह या अनुचित व्यक्तिगत उपयोग के लिए।

**हम कार्यस्थल सूचना प्रौद्योगिकी का उचित व्यावसायिक उपयोग करते हैं और कंपनी के अंदरूनी और बाहरी खतरों और दुरुपयोग के खिलाफ सिस्टम और उपकरणों की रक्षा करने में मदद करते हैं।**

ज़्यादा जानकारी के लिए, Bertelsmann Guideline Information Technology and Information Security देखें।

## 2.4.8
# गोपनीयता और संचार

- गोपनीय जानकारी ऐसी गैर-सार्वजनिक जानकारी होती है जो केवल विशिष्ट प्राप्तकर्ताओं के उपयोग के लिए है, कंपनी के अंदर प्रसार करने या बाहर जारी करने के लिए नहीं। इसमें अभिलेख, रिपोर्ट, अनुबंध, वित्तीय और कंपनी के लोगों की जानकारियां, की गई जांच, विवाद, अदालती अभिलेख, रचनात्मक कार्य, बौद्धिक संपदा या व्यवसाय या उत्पादों से संबंधित योजनाएं शामिल हो सकती हैं।
- सार्वजनिक जगहों पर गोपनीय जानकारी पर चर्चा करने या कंपनी या ग्राहक की जानकारी को तीसरे पक्ष के साथ अनधिकृत रूप से साझा करने से गोपनीयता दायित्वों का उल्लंघन होता है और लागू होने वाले विश्वास विरोधी कानूनों का उल्लंघन हो सकता है।
- खास तौर पर, संवेदनशील जानकारी (वित्त, मानव संसाधन, कर्मचारी प्रतिनिधित्व, कानूनी, विलय और अधिग्रहण, कॉर्पोरेट संचार, कॉर्पोरेट विकास और अन्य कंपनियों की अंदरूनी जानकारी के क्षेत्रों से संबंधित जानकारी सहित) तक पहुंच वाले कर्मचारियों को दूसरों के साथ-साथ अपने सहकर्मियों के साथ भी सख्त गोपनीयता का पालन करना चाहिए।
- सोशल मीडिया का उपयोग करते समय, हम अपनी कंपनी की प्रतिष्ठा के प्रति हमारी ज़िम्मेदारी समझते हैं। हम कंपनी की गोपनीय या संवेदनशील जानकारी साझा नहीं करते और अपने सहयोगियों और व्यावसायिक भागीदारों की गोपनीयता का सम्मान करते हैं।
- हम Bertelsmann की 'वन वॉइस' नीति का अनुपालन करते हैं। साथ ही, मीडिया पूछताछ को कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस या ज़िम्मेदार प्रेस कार्यालय को तुरंत भेजते हैं।
- Bertelsmann के कर्मचारियों को गोपनीयता के नियमों के अनुसार, कंपनी के बारे में व्यापक, पारदर्शी और ताज़ा जानकारी दी जाती है।

**हम गोपनीय जानकारी को अनधिकृत प्रकटीकरण और उपयोग से बचाते हैं। हम अपने सार्वजनिक बयानों में अपनी कंपनी की प्रतिष्ठा की रक्षा करते हैं।**

ज़्यादा जानकारी के लिए, Bertelsmann के सार्वजनिक वक्तव्यों के लिए वन वॉइस नीति के दिशा-निर्देश'
(One Voice Policy Guidelines for Public Statements) देखें।

# 3.0 निर्णय लेने के लिए मार्गदर्शिका



## 3.0

# निर्णय लेने के लिए मार्गदर्शिका

अगर आपको कभी भी संदेह हो कि कोई विशेष कार्रवाई या निर्णय **Code of Conduct** की आवश्यकताओं का अनुपालन करता है या नहीं, तो अपने आप से नीचे दिए सवाल पूछें।

अगर आप पूरे आत्मविश्वास के साथ इनमें से हरेक सवाल का उत्तर 'हां' में दे सकते हैं, तो संभव है कि आपका कार्य या निर्णय उचित हो। अगर आपको इनमें से किसी भी सवाल के बारे में कोई संदेह है, तो आपको अगले भाग में सूचीबद्ध संपर्क व्यक्तियों में से किसी एक से परामर्श करना चाहिए।

अपनी सर्वश्रेष्ठ जानकारी में, क्या मैंने सभी प्रासंगिक कारकों को ध्यान में रखा है और उन पर ध्यान से विचार किया है?

क्या मैं मान सकता/सकती हूं कि मेरा निर्णय कानूनी और आतंरिक आवश्यकताओं का अनुपालन करता है?

क्या मैं एक निष्पक्ष निर्णय ले सकता/सकती हूं जो कंपनी के सर्वोत्तम हित में हो और किसी भी प्रतिस्पर्धी व्यक्तिगत हितों से मुक्त हो?

क्या मैं अच्छे विवेक से निर्णय ले सकता/सकती हूं?

क्या मैं आसानी से तीसरे पक्ष के सामने अपने फैसले का बचाव कर सकता/सकती हूं?

# 4.0 मुद्दों को उठाना और उल्लंघनों के बारे में सूचित करना



अवलोकन पर
वापस जाएं
→

4.0

# मुद्दों को उठाना और उल्लंघनों के बारे में सूचित करना

अक्सर किसी भी मुद्दे में शामिल व्यक्तियों के साथ उन मुद्दों को रचनात्मक रूप से सीधे उठाकर या स्थानीय संपर्क व्यक्तियों से सहायता मांगकर, कार्यस्थल आचरण से जुड़े मुद्दों को हल किया जा सकता है। अन्य मुद्दों, जैसे कि अवैध व्यावसायिक व्यवहार, को बेहतर ढंग से हल करने के लिए, आप अपने स्थानीय वातावरण से बाहर किसी व्यक्ति के साथ गोपनीय रूप से बात कर सकते हैं। दुर्व्यवहार की प्राप्त सूचना के मुद्दों को ईमानदारी से व्यक्त करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ प्रतिशोध निषिद्ध है (2.1.2 “बोलने की आज़ादी” देखें)। अभद्र व्यवहार की रिपोर्ट की जांच करते समय, इसमें शामिल सभी लोगों के अधिकारों की रक्षा की जाती है। साथ ही, अनुशासनात्मक उपायों पर निर्णय लेते समय निष्पक्ष, उचित, गोपनीय और पारदर्शी तरीके अपनाए जाते हैं।

नीचे बताए गए संसाधन कर्मचारियों और तृतीय पक्षों दोनों के लिए उपलब्ध हैं।



## 4.1

# आपके स्थानीय कार्यक्षेत्र में मौजूद संपर्क व्यक्ति

Code of Conduct से संबंधित प्रश्नों पर चर्चा करने या Code of Conduct या अनुपालन दिशा-निर्देशों के उल्लंघन के बारे में सूचित करने के लिए, आप अपने स्थानीय कार्यक्षेत्र में किसी भी व्यक्ति से संपर्क कर सकते हैं; उदाहरण के लिये:

- आपका पर्यवेक्षक
- आपकी कंपनी का वरिष्ठ प्रबंधन
- आपका स्थानीय अनुपालन अधिकारी या अनुपालन प्रबंधक
- मानव संसाधन, कानूनी, वित्त या लेखा परीक्षा विभाग,
- या, अगर लागू हो, आपके कर्मचारी प्रतिनिधि।

आपको Bertelsmann इंट्रानेट पर, Bertelsmann की सभी सहायक कंपनियों में संपर्क करने के लिए लोगों की सूची दिख जाएगी।

## 4.2

# Bertelsmann कॉर्पोरेट सेंटर में मौजूद संपर्क व्यक्ति

अगर आप स्थानीय रूप से अपने मुद्दे का हल निकाल पाने में असहज महसूस कर रहे हैं, या अगर ऐसा करना अप्रभावी रहा है, तो आप Bertelsmann कॉर्पोरेट सेंटर के उपयुक्त विभाग से भी संपर्क कर सकते हैं, खास तौर पर सत्यनिष्ठा और अनुपालन विभाग से। गोपनीयता के लिए आपके मुद्दों को पूरी ज़िम्मेदारी के साथ देखा जाएगा और ऐसा सभी लागू डेटा सुरक्षा आवश्यकताओं के अनुपालन में किया जाएगा। अनुपालन के संदिग्ध उल्लंघन की सभी शिकायतों की जांच की जाएगी।

सत्यनिष्ठा और अनुपालन
जर्मनी:
फोन +49 (0) 52 41-80-76000
अमेरिका:
फोन +1 212 782-10 57
integrity@bertelsmann.com
www.integrity.bertelsmann.com

कॉर्पोरेट ऑडिट
फोन +49 (0) 52 41-80-72239
audit@bertelsmann.com

कॉर्पोरेट डेटा सुरक्षा
फोन +49 (0) 5241 80-894 76
data-protection@bertelsmann.com

कॉर्पोरेट कानून से संबंधित
फोन +49 (0) 52 41-80-2192
legal@bertelsmann.com

कॉर्पोरेट कानून से संबंधित-विश्वास विरोधी
फोन +49 (0) 52 41-80-2192
antitrust@bertelsmann.com

कॉर्पोरेट मानव संसाधन
फोन +49 (0) 52 41-80-41800
corporateHR@bertelsmann.com

कॉर्पोरेट टैक्स
फोन +49 (0) 52 41-80-2237
tax@bertelsmann.com

कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन्स
फोन +49 (0) 52 41-80-71450
corporatecomms@bertelsmann.com

इन सभी विभागों के डाक पते है: Bertelsmann SE & Co. KGaA |
Carl-Bertelsmann-Straße 270 | 33311 Gütersloh | जर्मनी | www.bertelsmann.com

## 4.3

## स्पीकअप सिस्टम (आवाज़ उठाने की प्रणाली)

आप स्पीकअप सिस्टम का उपयोग करके Code of Conduct के खिलाफ, खास तौर पर अवैध व्यावसायिक प्रथाओं के खिलाफ उल्लंघन की जानकारी सांझा कर सकते हैं। यह सिस्टम कई भाषाओं में उपलब्ध है और इस तक फोन या इंटरनेट द्वारा पंहुचा जा सकता है। इसके माध्यम से आप Bertelsmann सत्यनिष्ठा और अनुपालन विभाग के साथ गोपनीय बातचीत कर सकते हैं, जिसे विशेष तकनीक द्वारा सुरक्षित कर आपकी गोपनियाता भी बरकरार राखी जा सकती है

www.reportconcerns.com

## 4.4

## लोकपाल (Ombudsperson)

आप Bertelsmann द्वारा नियुक्त किसी बाहरी लोकपाल(Ombudsperson) से भी संपर्क कर सकते हैं। लोकपाल (Ombudsperson) की भूमिका पूछताछ करने वालों को, जो Code of Conduct के खिलाफ किसी भी संदिग्ध उल्लंघन को उठाने और हल करने में मार्गदर्शन और समर्थन चाहते हैं, एक तटस्थ और स्वतंत्र संपर्क व्यक्ति प्रदान करना है। लोकपाल (Ombudsperson), सहायता मांगने वालों के साथ सभी संचारों में पूरी गोपनीयता बरतता है और संचार के किसी भी विषय या पूछताछकर्ता की पहचान का खुलासा तब तक नहीं करता, जब तक कि पूछताछकर्ता द्वारा ऐसा करने की स्पष्ट अनुमति नहीं दी जाती।

यूरोप, अफ्रीका, एशिया और ऑस्ट्रेलिया के लिए लोकपाल (Ombudsperson)(जर्मनी में स्थित)
ombuds@discussconcerns.com
फोन +49 (0) 32-211 11 23 39
टोल-फ्री (केवल जर्मनी से):
0800-664 7879



एनेट पार्श, लोकपाल (Ombudsperson)

उत्तर और दक्षिण अमेरिका के लिए लोकपाल (Ombudsperson)
(अमेरिका में स्थित)
ombuds2@discussconcerns.com
फोन +1 646-981-0753
टोल-फ्री (केवल अमेरिका से):
877-278-0303



दीना जेनसनसन, लोकपाल (Ombudsperson)

4.5

# अनुपालन के महत्वपूर्ण उल्लंघनों की सूचना देने की बाध्यता

प्रबंधक और कर्मचारी, जिनकी भूमिका या पद, अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए खास तौर पर उन्हें ज़िम्मेदार ठहराते हैं, **Bertelsmann** कॉरपोरेट सेंटर में एक उपयुक्त विभाग को, विशेष रूप से सत्यनिष्ठा और अनुपालन विभाग को तत्काल विशिष्ट साक्ष्य या किसी महत्वपूर्ण अनुपालन उल्लंघन के संदेह की सूचना देने के लिए बाध्य हैं। अन्य सभी कर्मचारियों को भी ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

आम तौर पर, अनुपालन उल्लंघन को महत्वपूर्ण माना जाता है और अगर इससे कंपनी को महत्वपूर्ण वित्तीय या प्रतिष्ठा की क्षति हो सकती है तो उससे जुड़े सबूत होने या संदेह होने पर सूचना दी जानी चाहिए।

ज़्यादा जानकारी के लिए, Bertelsmann दिशानिर्देशों में अनुपालन के संदिग्ध उल्लंघनों की रोकथाम (Handling Suspected Compliance Violations) देखें।

इसमें शामिल है:


- कपटपूर्ण कार्य जैसे भ्रष्टाचार, धोखाधड़ी, गबन या चोरी
- अविश्वास कानून या अंतर्राष्ट्रीय व्यापार कानून का उल्लंघन
- मानवाधिकारों का उल्लंघन, यौन उत्पीड़न या भेदभाव विरोधी कानूनों का उल्लंघन
- ऐसे उल्लंघन जिनके परिणामस्वरूप नियामक या कानून प्रवर्तन निकाय (जैसे नियामक या लोक अभियोजक का कार्यालय) द्वारा कार्रवाई की जा सकती है।

यदि किसी विशेष स्थिति में आप किसी अनुपालन के उल्लंघन की रिपोर्ट करने को लेकर अनिश्चित हैं तो आपको सत्यनिष्ठा और अनुपालन विभाग से सलाह लेनी चाहिए ।



# 5.0
# अतिरिक्त जानकारी

www.integrity.bertelsmann.com




## Bertelsmann
## सत्यनिष्ठा और अनुपालन

**Code of Conduct उन सभी मुद्दों का हल नहीं कर सकती है जो Bertelsmann में आपके काम करने के दौरान उत्पन्न हो सकते हैं। इसलिए, Code of Conduct में सामान्य नियमों को, Bertelsmannकॉर्पोरेट दिशा-निर्देशों में आगे ग्रुप के हिसाब से निर्दिष्ट किया गया है।**

ये दिशा-निर्देश Bertelsmann इंट्रानेट पर उपलब्ध हैं
http://executiveboardguidelines.bertelsmann.com

Bertelsmann एसेंशियल्स यहां देखे जा सकते हैं
https://www.bertelsmann.com/company/essentials/essentials/.

Bertelsmann में Code of Conduct और सत्यनिष्ठा और अनुपालन के बारे में अधिक जानकारी
http://www.integrity.bertelsmann.com पर
और इंट्रानेट पर http://benet.bertelsmann.com/integrity&compliance भी देखी जा सकती है।

सत्यनिष्ठा और अनुपालन विभाग से फोन या ई-मेल द्वारा जुड़ने के लिए जानकारी:
integrity@bertelsmann.com
फोन +49 (0) 52 41-80-76000 (जर्मनी)
फोन +1 212 782-10 57 (अमेरिका)

जर्मनी:
Bertelsmann SE & Co. KGaA | सत्यनिष्ठा और अनुपालन
Carl-Bertelsmann-Straße 270 | 33311 Gütersloh
फोन +49 (0) 52 41-80-76000
integrity@bertelsmann.de | www.integrity.bertelsmann.de

अमेरिका:
Bertelsmann, Inc. | सत्यनिष्ठा और अनुपालन
1745 Broadway | New York, NY 10019
फोन: +1 212 782-10 57
integrity@bertelsmann.com | www.integrity.bertelsmann.com